जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक– 38
दिनांक–14.04.2026

जनेकृविवि के कैम्पस में 03 विद्यार्थियों का चयन

जबलपुर 13 अप्रैल, 2026। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे मार्गदर्शन और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के निर्देशन में विश्वविद्यालय के बी.एस.सी (कृषि) एवं एम.एस.सी.(कृषि) छात्र–छात्राओं हेतु कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. अनय रावत ने बताया कि बैंगलोर स्थित एवं प्रतिष्ठित कंपनी एवं अंतर्राष्ट्रीय बीज अनुसंधान एवं मार्केटिंग के लिए दो अलग–अलग प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित किए गए, जिसमें बैंगलोर स्थित फर्म में छात्रा डिंपल ओझा का सालाना 3.50 लाख एवं सीड कंपनी द्वारा छात्राओं अनुष्का झा एवं दिशा पवार का चयन सालाना रू. 4.50 लाख प्रतिवर्ष पर जिला नरसिंहपुर एवं भोपाल हेतु चयन किया गया।

उपरोक्त चयन प्रक्रिया में श्री यशवन्त राजपूत, श्री शंकर सिंह ठाकुर एवं श्री शिव कुमार वर्मा का सराहनीय उल्लेख रहा। सभी सफल विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बधाईयां प्रेषित की गई हैं।